तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



समाज में ईमानदारी से काम करने वाला ही देशभक्त 14





विकासखण्ड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता ... 13




## खबर संक्षेप

### गांजा बरामद, महिला तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा बेचने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कार्रवाई की है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम जोरातराई नहर रोड गौरा चौक के पास एक महिला खुशी बिरयानी दुकान में अवैध रूप से गांजा बेच रही थी। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी उसे पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में महिला ने अपना नाम गौरा चौक ग्राम जोरातराई निवासी ममता महिलांगे बताया है।महिला के पास से पुलिस ने गांजा, एक कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया। गांजा रखने को लेकर नोटिस दिया गया जिसके द्वारा कोई दस्तावेज नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई में उतई टीआई महेश ध्रव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**भिलाई।** घरेलू विवाद के चलते पत्नी की हत्या करने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। नेवई पुलिस ने बताया कि एचएससीएल कालोनी मरोदा निवासी दीक्षा दुबे और पति एकल कुमार उर्फ राजेश दुबे ने शनिवार की रात को गला दबाकर हत्या कर दिया। घरेलू विवाद के चलते दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ उसके बाद आक्रोश में आकर पति एकल ने गला दबा दिया। जिससे पत्नी की मौत हो गई। गौरतलब हो कि घटना की जानकारी लगने पर नेवई पुलिस मौके पर पहुंची और पति एकल को रात को ही हिरासत में लेकर पूछताछ किया। विवाद के कारण हत्या करना आरोपी ने स्वीकार किया।

### बंदर को लेकर आपस में जमकर मारपीट, तीन पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** पड़ोसन को बंदर भगाने को लेकर हुए मारपीट मामले में पुलिस ने तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 23 अगस्त को थान बाई के द्वारा अपने पड़ोसन को बंदर को भगाने की बात कर रही थी। इस दौरान पर विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ गया। थान बाई का पति पंचू पीडिताओ को देख लूंगा कहकर अपने बेटा रायपुर निवासी पप्पु वर्मा को फोन कर ग्राम घोटवानी बुलया था। जिस पर पप्पू दो वाहनों में दोस्तो के लेकर गांव पहुंचा जहां पीडिता के घर में घुसकर गाली गलौज कर जान से मारने की नियत से महिलाओ को बाल पकडा। उनके कपड़े भी फाड़ दिए और धारदार हथियार से वार भी किया। पंचू वर्मा, थान बाई वर्मा, पप्पू वर्मा समेत साथियो द्वारा एक राय होकर घर में घुसकर पीड़िताओं पर हमला किया। शिकायत पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी ग्राम घोटवानी निवासी पंचू वर्मा, प्रेमनगर गुड़ियारी रायपुर संगम मेश्राम, परपोड़ी बेमेतरा राकेश वर्मा,प्रभात चंदेल को गिरफ्तार किया।

# स्वास्थ्य कर्मी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन पर, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी नियमितीकरण, ग्रेड पे और संविदा प्रथा समाप्ति सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए है। कर्मचारियों ने धरना स्थल से तिरंगा यात्रा निकालकर मेन रोड, सिग्नल चौक होते हुए रायपुर रोड स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

धरना स्थल पर महिला कर्मचारियों ने हाथों में महेंदी लगाकर अपनी मांगें लिखीं और सरकार से वादों को पूरा करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे आगामी तीजा पर्व भी धरना स्थल पर मनाएँगी। इस आंदोलन में डॉक्टर,आरएमए नर्स, लैब टेक्नोलॉजिस्ट, सुपरवाइजर, एसटीएस सीएचओ और अन्य प्रबंधकीय पदों पर कार्यरत कर्मचारी शामिल होने से स्वास्थ्य सेवाएँ पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। अस्पतालों में ताले लगे हुए हैं, आपातकालीन सेवाएँ, नवजात शिशु देखरेख केंद्र और पोषण आहार केंद्र पूरी तरह बंद पड़े है।

संघ के जिलाध्यक्ष पूरन दास और जिला प्रवक्ता डॉ. बृजेश दुबे ने कहा जब तक नियमितीकरण और ग्रेड पे की माँग पर लिखित आदेश जारी नहीं होता, आंदोलन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा।

## नियमितीकरण व ग्रेड पे सहित मांगों पर अड़ीं एनएचएम कर्मचारी





### 160 बार सौंप चुके हैं ज्ञापन

कर्मचारियों ने यह भी बताया कि पिछले 20 महीनों में मुख्यमंत्री और मंत्रियों को 160 से अधिक बार आवेदन और ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन किसी प्रकार की ठोस सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने जनता से हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए सरकार की वादाखिलाफी और भाजपा की "मोदी की गारंटी" पूरी न होने को इस आंदोलन का मुख्य कारण बताया। आंदोलन में लगभग 400 एनएचएम कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. अभिषेक यादव, डॉ. डोमन यादव, डॉ. तृप्ति दुबे, डॉ. सिमित मिश्रा, डॉ निलेश देवागन, मुकेश स्वर्णकार, प्रमोद साहू, दिनेश गंगबेर, निशा वर्मा, दिव्या देवागन, अमर वर्मा, अनामिका कुर्रे, दामनी वर्मा, रेशमी बंजारे, सुमित्रा साहू, सध्या आदि शामिल रहे।

## धान की फसल में शीथ और लीफ ब्लाइट रोग ने बढ़ाई किसानों की परेशानी

# पानी के अभाव में खेत सूखे, सूखा रोग से पौधे हो रहे पीले, किसानों की मुसीबत बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

अंचल में लगातार 15 से 18 दिन तक बारिश न होने व मोटरपम्प भी बन्द पड़े होने से खेत में दरारें पड़ गई। जलापूर्ति की कमी धान की फसल पर प्रभाव पड़ा। फसल सूखने के कारण पीली व सूखा रोग पड़ने से धान में गंभीर बीमारी का प्रकोप पड़ने लगे है। जिससे किसान और भी ज्यादा चिंता में पड़ गए। इस वर्ष मौसम व बारिश की अनुमान ज्यादा होने के कारण किसान बढ़ चढ़कर रोपाई व परहा धान लगाया था। लेकिन बीच में बारिश थम गई। साथ ही मोटर पम्प भी गर्मी के चलते बन्द पड़े हुए है। इसके अलावा बिजली आपूर्ति में भी भारी दिक्कत होने के कारण किसान और भी ज्यादा चिंता में पड़ गए। इसी के चलते खेत में सभी तरफ से पानी की कमी के कारण धान की फसल सुख गए और पिला पन आने से गंभीर बीमारी देखने को मिल रहे है। आपको बता दें कि पोला पर्व के दिन पूरे

■ खेतों में पानी की कमी और फसल रोगों का साया



दिन मौसम व बादल में काली घटा छाए रहे। साथ ही रिमझिम बूंदाबन्दी कर बारिश हुआ। किसान तेज बारिश की उम्मीद लगाए थे। लेकिन पूरा दिन बीत गए फिर भी जमकर बादल बरसे नहीं ताकि खेत में पानी भर सके। उम्मीद टूटती जा रही किसान ऊपर आसमान की ओर नजर माथे पर अपनी हथेली टिकाये देख रहे। आखिर कब होगी जमकर बारिश, भगवान से विनती व कामना कर रहे कि जमकर बारिश कर फसल को बचा लें। बारिश की कमी और बिजली आपूर्ति नहीं होने से खेत और भी सुख गए। अंचल में धान की फसल की इस बार बंपर पैदावार पर पानी फिरता नजर आ रहा है। क्योंकि धान की फसल में शीथ व्लाइट और वेक्टीरियल लीफ व्लाइट रोग का प्रकोप शुरू हो गया है। वहीं खेतों में पानी भरा होने के बाद भी अचानक सूख रहे पौधों के चलते किसानों में हड़कंप मच गया है। ऐसे में किसान बाजार से कई तरह की दवाइयां मिलाकर उसका स्प्रे करने में जुटे है। दरअसल इस साल बारिश तो खास नहीं हुई है, बेरला ब्लॉक सहित जिले में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बारिश पर्याप्त मात्रा में भी बहुत कम बारिश हुई है। जिसके चलते स्थानीय गांव में बांध व तालाब में जल संरक्षण किया जाता है उसमें भी पानी की भराव ठीक से नहीं हुई है। ब्लॉक बेरला के ग्राम मनियारी की बांध पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष जल भराव की कमी देखने को मिला लगभग 4 फिट जलभराव की कमी हुई है। जिससे किसान को जलापूर्ति नहीं हो सकती।

### पानी की जरुरत

गांव के किसान ने बताया कि इस बार बांध में बहुत कम पानी है। बांध का पानी छोड़ने पर मुश्किल से दो दिन ही पानी चल पाएगा। पर्याप्त किसान को पानी नहीं मिल पायेगा। वर्तमान में धान के पौधों में शीथ व्लाइट और वेक्टीरियल लीफ व्लाइट रोग का प्रकोप देखने को मिल रहा है। इससे धान के पौधे अचानक से सूखने लगे है। जिस वजह से किसानों की चिंताएं बढ़ने लगी है। शीथ ब्लाइट रोग के चलते धान का पौधा पीला पड़ने लगे है। शीथ ब्लाइट रोग का बोटेनिकल नाम सरोक्लेजियम ओराईजी है। यह फफूंद जनक रोग है तथा इस रोग का वायरस धान की फसल में हवा, पानी के अलावा पिछले वर्ष की प्रभावित मृदा से भी सकता है। रोग का वायरस बासमती किस्म को ही अपना निशाना बनाता है। बीमारी का सबसे पहले प्रकोप धान के पौधे के तने पर होते नजर आ रहे है तथा उस पर कालिमा लिए हुए लंबे धब्बे पड़ने शुरू हो जाते हैं जो पौधे के एक-एक पत्ते को सुखा कर बाली में दूध लेकर जाने वाली पाइप गांठों को गला दे रहे तथा पौधा मर रहा है।

# एनीकट में मिली अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



पुलिस अनुविभागीय बेरला के कण्डरका चौंकी के अन्तर्गत ग्राम कण्डरका एनीकट में अज्ञात पुरुष की शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गई है। मिली जानकारी के अनुसार बेमेतरा जिला के सीमावर्तीय पर कण्डरका चौंकी क्षेत्र के ग्राम कण्डरका है जो कि खारुन नदी से राजधनी रायपुर को जोड़ती है। वही ग्राम कण्डरका एनीकट में अज्ञात लाश मिली है। जिसकी उम्र करीब 40 वर्ष का बताया जा रहा है। जो कि पानी में डूबने से मृत अवस्था में मिला है। शव को निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम बुलाना पड़ा था। बताया गया कि उक्त शव 4 दिन पूर्व बेंद्रे उरला में बने एनीकट में फंसा था। जो बहकर कण्डरका एनीकट में आने से मर्ग पंचनामा किया गया है। आसपास के लोगों से पहचान कराया गया तो कोई पहचान नहीं पाया गया। जिस पर पुलिस कण्डरका चौंकी की टीम शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही उसकी पहचान की जा रही है।

■ पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, हत्या और आत्महत्या के एंगल से

साथ ही आस-पास के थाने में गुमशुदा लोगों की दर्ज शिकायत की छानबीन की जा रही है। जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने मृतक की पहचान के साथ इस पहलुओं पर जांच कर रही है कि उसने आत्माहत्या की है या उसकी हत्या हुई है। सभी पहलुओं को पुलिस खंगाल रही है। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे और लोगों से पूछताछ जारी है।

इस संबंध में पुलिस चौंकी कण्डरका प्रभारी राजकुमार साहू ने बताया कि कण्डरका एनीकट में शव फंसा था जिसकी जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा मिलते ही मौके पर पहुंच कर पंचनामा किया गया। साथ ही शव की पहचान अभी अज्ञात है, जिसकी जांच अभी की जा रही है।

# साजा क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत 67.30 लाख की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा साजा के लिए स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत विभिन्न गावों में विकास कार्यों पर 67.30 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। श्री अरुण साव प्रभारी मंत्री द्वारा अनुशंसा पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी है।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय दी गई जानकारी के अनुसार विकासखण्ड साजा के ग्राम पंचायत बरगा में शीतला मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 6 लाख रुपये, ग्राम पंचायत मोहतरा में समाधि स्थल के पास भवन निर्माण कार्य के लिए 6 लाख रुपये, ग्राम पंचायत गडुवा में रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 50 हजार रुपये, ग्राम पंचायत नवागांव

■ विकासखण्ड के गांवों में सामुदायिक भवन, रंगमंच व नाली निर्माण को हरी झंडी

गहिरा के आश्रित ग्राम सुबरतला में शास. दुग्ध डेयरी के पास भवन निर्माण कार्य के लिए 6 लाख रुपये, ग्राम पंचायत बरगा के वार्ड नं 1 में मेन रोड से गोविंद के घर तक नाली निर्माण कार्य के लिए 4 लाख 80 हजार रुपये, ग्राम पंचायत बोरतरा में महामाया मंदिर चौक से नदिया तक नाली निर्माण कार्य के लिए 12 लाख 80 हजार रुपये, ग्राम पंचायत चीचगांव में गौठान से लेकर शीतला मंदिर तक पक्की नाली निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 20 हजार रुपये, ग्राम पंचायत सैगोना में जनक साहू के घर से सिरदारी सिन्हा के घर तक नाली निर्माण कार्य के लिए 4 लाख 80 हजार रुपये, ग्राम पंचायत बनरांका में जगदीश साहू के घर से हीरा मेहर के घर तक नाली निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 80 हजार रुपये, ग्राम पंचायत तेंदुवा में मेन रोड से स्कूल पहुंच मार्ग पर नाली निर्माण कार्य के 3 लाख 20 हजार रुपये, ग्राम पंचायत मासुलगोंदी में शिव मंदिर के पास नाली निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 20 हजार रुपये इसी प्रकार ग्राम पंचायत सहसपुर में नाली निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# तीज पर्व पर महिलाएं रखेंगी निर्जला व्रत करेंगी परिवार के लिए मंगल कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

त्यौहारों के क्रम में हरितालिका तीजा व्रत महिलाओं के लिए विशेष है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं पति के दीर्घायु की कामना लिए कठिन व्रत रखती है। दूसरे दिन भगवान शिव परिवार की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर व्रत पूर्ण करती है। आज 26 अगस्त को मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर महिलाओं का अपने मायके आने का क्रम बना हुआ है।

जिसके चलते यात्री वाहनों में इन दिनों भीड़ का वातावरण निर्मित है। हरितालिका व्रत पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह एवं श्रद्धाभक्ति का माहौल है। ज्ञात हो कि इस पर्व पर विवाहित महिलाओं को सम्मान मायके पक्ष के लोग अपने घर पर्व मनाने के लिए लाते हैं। महिलाएं मायके में ही पर्व मनाकर व्रत रखती है। इससे एक दिन पूर्व कडवा भात खाने की भी परंपरा है। पर्व के चलते शहर सहित ग्रामीण इलाकों में चहल-पहल का दौर बना हुआ है।

### पति की दीर्घायु के लिए रखेंगी कठिन व्रत

पंडितों के मुताबिक प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ल की तृतीया पर हरतालिका तीज का व्रत महिलाएं रखती है। यह व्रत निर्जला एवं कठिन होता है। इस अवसर पर भगवान शिव परिवार की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है एवं आशीर्वाद लेती है। वैवाहिक जीवन में सुख और पति की दीर्घायु की कामना करती है। पंचाग के मुताबिक 25 अगस्त को दोपहर 12 बजकर 34 मिनट पर भाद्रपद की शुक्ल पक्ष की तृतीया प्रारंभ होगी। जिसका समापन आज 26 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 54 मिनट पर होगा। लिहाजा उदयातिथि के अनुसार हरतालिका तीज पर्व आज 26 अगस्त को मनाया जाएगा, जिसे लेकर महिलाओं ने व्यापक तैयारियां भी किए हैं।

### बाजार में चहल-पहल यात्री वाहनों में भीड़

पर्व की खरीदी के लिए शहर सहित ग्रामीण इलाकों के बाजार में चहल-पहल रही। कपड़े, साडियों एवं ज्वेलरी की दुकानों में खरीदी करने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। बाजार में लोगों की उपस्थिति के चलते रौनक बना हुआ है। इधर शहर सहित ग्रामीण रूट में चलने वाले यात्री वाहनों में भी भीड़ का वातावरण निर्मित है। बस स्टैंड सहित रास्ते में बने यात्री प्रतिक्षालयों में अपने बस का इंतजार करते लोगों को देखा जाने लगा है। कई अपने स्वयं के वाहनों से पर्व मनाने आवागमन कर रहे हैं।

## विकास कार्यों एवं जनहित के मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

# जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में मंत्री बघेल हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



खाद्य मंत्री दयालदास बघेल कि अध्यक्षता में बेमेतरा जनपद पंचायत के सभा कक्ष में सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर व्यापक स्तर पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत की अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता मंडावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेई सहित जनपद सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभा का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर द्वारा किया गया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, महिला एवं बाल कल्याण, कृषि एवं सिंचाई जैसे विषयों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया। ग्रामीण अंचलों के विकास, किसानों की सुविधा, युवाओं के रोजगार और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने संबंधी मुद्दों पर गहन विमर्श हुआ।

■ बैठक में खाद-बीज, सिंचाई, स्वास्थ्य और सड़कों के मुद्दे पा हुई चर्चा

कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों का सतत विकास है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक समयबद्ध तरीके से पहुँचना चाहिए। इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना शासन और प्रशासन की जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान कई जनपद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं जैसे–समय पर खाद-बीज उपलब्ध न होना, सिंचाई साधनों की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ता, विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और आंतरिक सड़कों के निर्माण जैसी मांगों को विस्तार से रखा। इन मुद्दों पर समाधान के लिए ठोस सुझाव भी सामने आए। जनपद पंचायत अध्यक्ष दिवाकर ने कहा कि पंचायत का वास्तविक उद्देश्य गांव-गांव तक विकास की रौशनी पहुंचाना है। उन्होंने सदस्यों से आह्वान किया कि वे सामूहिक सहयोग और सहभागिता से विकास की गति को और तेज करें। उन्होंने विशेष रूप से महिला एवं बाल विकास, स्वच्छता और शिक्षा सुधार की दिशा में योजनाओं को और प्रभावी रूप से लागू करने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेई एवं अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न विभागों से संबंधित कार्य योजनाओं की जानकारी दी तथा आश्वासन दिया कि समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने आपसी सहयोग और सहभागिता के साथ जनपद पंचायत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

# नवागांव में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



ब्लॉक बेरला क्षेत्र में स्थानीय ग्रामीण व जनप्रतिनिधि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व व तिहार को बनाये रखते सामाजिक व संस्कृति को बड़े धूमधाम से मनाते है।

वही पोला-तीजा पर्व व तिहार के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत भांठासोरही के आश्रित ग्राम नवागांव में वीर शिवाजी समिति के तत्वावधान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को हुए समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति प्रीतम सिंह चन्देल व अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधी यशवंत साहू, अध्यक्ष सरपंच संघ बेरला रघुवीर पिंटू सिन्हा व जनपद सदस्य प्रतिनिधि थे। प्रतियोगिता में कुल 20 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला कोटा और डडजरा के बीच खेला गया। इसमें कोटा ने ऑलराउंडर प्रदर्शन कर जीत दर्ज की। प्रथम विजेता टीम कोटा को 5500 रुपये नगद व शील्ड, द्वितीय डडजरा को 3500 रुपये व शील्ड, तृतीय सहगॉव को 2500 रुपये व शील्ड, चतुर्थ टठिया को 1500 रुपये व शील्ड से पुरस्कृत अतिथियों के हाथों किया गया। वही जिला पंचायत सभापति प्रीतम सिंह चन्देल ने कहा कब्बडी खेल को इसी तरह जीवंत रखना जरूरी है। इस खेल में क्षेत्र का नाम रौशन की बात कही। इस खेल का मुख्य उद्देश्य हमारे जो युवा हैं, उनमें प्रतिभाएं हैं, उनको आगे लाना है। क्योंकि मैं भी कबड्डी खिलाड़ी ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### परिधि का राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप के लिए चयन

**दुर्ग।** जिले की उभरती शतरंज खिलाड़ी कु. परिधि लिलहारे का अंडर 19 गर्ल्स केटेगरी में राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप के लिए चयनित होने पर जिला शतरंज संघ दुर्ग ने बधाई दी है। परिधि ने कोरबा में आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2025 के अंडर 19 गर्ल्स केटेगरी में तृतीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित हुई। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के 19 जिलों के 199 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। परिधि कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई में कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत है। परिधि के पिता लुकेश लिलहारे, समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी , दिनेश जैन, ललित वर्मा, मोरध्वज चंद्राकर, दिनेश नलोडे, अजय राय, एसके भगत, संजय खंडेलवाल, त्रिलोक सोनी, जयंता दास, गुलाब चौहान, अनिल शर्मा ने परिधि लिलहारे को बधाई दी है।

### सेन समाज की बैठक 26 को

**भिलाई।** सेलून महासंघ एवं सर्व नाई सेन समाज भिलाई नगर के सभी पदाधिकारियों को एवं सभी गणमान्य सेलून, ब्यूटी पार्लर व्यवसायी एवं सेन समाज के अन्य कार्य करने वालों की बैठक 26 अगस्त मंगलवार को नेहरु नगर चौक स्थित सेन भवन में रखी गई है। जिसमें भिलाई नगर सेलून का ब्लॉक गठन के विषय में विचार विमर्श तथा अन्य विषयों पर चर्चा होगी। यह जानकारी सर्व सेन समाज एवं सेलून महासंघ भिलाई नगर अध्यक्ष यादेश्वर सेन ने दी।

**ट्रेनिंग: भिलाई मेयर पाल व पार्षद ले रहे हैं इंदौर के स्वच्छता मॉडल की जानकारी**

# इंदौर में मॉनिटरिंग के लिए आईसीसीसी कंट्रोल रूम, कचरे से बनी खाद का उपयोग

**नगर निगम के पार्षद दो दिवसीय प्रशिक्षण में सफाई व्यवस्था की ले रहे जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई महापौर नीरज पाल, महापौर परिषद सदस्य, समस्त पार्षद गण एवं अधिकारी सहित मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के स्वच्छता का द्वितीय दिवस प्रशिक्षण लिया। महापौर सहित सभी पार्षद गण इंदौर शहर के डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं होम कम्पोस्टिंग का अवलोकन किए। यहां कचरा कलेक्शन हेतु गाड़ी का समय सारणी एवं रूट निश्चित है और रूट एवं समय अनुसार गाड़ियों का संचालन होता है। सभी गार्बेज वाहन का मॉनिटरिंग आईसीसीसी कंट्रोल रूम से होता है । इंदौर के ज्यादातर घरों में घर से निकले हुए कचरे का उपयोग घर में ही खाद बनाने में किया जाता है।



**गार्बेज कलेक्शन रूम का अवलोकन**

योगेन्द्र दीक्षित द्वारा इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर गार्बेज कलेक्शन कंट्रोल रूम का अवलोकन कराते हुए जानकारी दिया गया। प्रशिक्षक द्वारा कंट्रोल सेंटर के कार्यकलाप एवं सारी विधियों को विस्तार से बताया गया। 22 जोन के 85 वार्ड में कचरा इकट्ठा करने हेतु संचालित वाहनों का नियंत्रण यहां से होता है । इसके लिए कंट्रोल सेंटर में 22 कंप्यूटर सिस्टम लगाया गया है, जिसके माध्यम से कचरा वाहनों का मॉनिटरिंग किया जाता है ।

### कचरे का होता है छह तरह से सेग्रीगेशन

बेसिक्स के प्रतिनिधि गुलाब नागर द्वारा अवलोकन कराते हुए जानकारी दिया गया । बापट चौराहा में डोर टू डोर कलेक्शन एंड सेग्रीगेशन देखा गया, इंदौर के रहवासियों के द्वारा अपने ही घर के कचरे को 6 प्रकार से अलग अलग करके नगर निगम की आने वाली गाड़ी में कचरा डाला जाता है और जनसहयोग किया जाता है । ड्राईवर हेल्पर और एनजीओ बेसिक्स के टीम द्वारा प्रति दिवस लोगों से कम्युनिकेशन किया जाता है । साथ ही रहवासियों के द्वारा अपने ही गिले कचरे अपने घर में होम कंपोस्ट कर खाद का उपयोग किया जाता है।

### कचरा बाहर फेंका तो दो लाख तक होगा जुर्माना

इंदौर में कोई भी बाहर कचरा नहीं है फेंकते हैं, कचरा यहां वहां फेंकने पर बड़ी जुर्माना लगाई जाती है । जुर्माना ढाई सौ रुपए से लेकर 2 लाख रुपए तक हो सकती है । आम नागरिक नगर निगम के नियमों का सम्मान करते हुए कार्य करते हैं। योगेन्द्र दीक्षित द्वारा आई सी सी सी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर ) से किस प्रकार जीपीएस के माध्यम से डिजिटल प्रणाली के द्वारा चलने वाली नगर निगम की कचरा गड़ियों की मॉनिटरिंग की जाती है और उनकी रिपोर्ट बनाई जाती है, का जानकारी दिया गया है। किसी भी घर का डोर टू डोर कचरा लेना छूट गया तो कन्ट्रोल सेंटर द्वारा हाइटेक सिस्टम जीपीएस से मॉनिटरिंग किया जाता है और तत्काल सूचित कर वहां भेजा जाता है।

### बिना अनुमति जन्मदिन व बधाई का होर्डिंग्स, बैनर नहीं

यहां कोई भी जनप्रतिनिधि जन्मदिन या बधाई संदेश के लिए पोस्टर, बैनर या बड़े होर्डिंग का उपयोग नहीं करते हैं। होर्डिंग में व्यय होने वाले राशि का उपयोग पुण्य कार्यों एवं जरूरतमंद गरीबों के सहायता के लिए किया जाता है। जिससे सफाई करने वालों के लिए अतिरिक बोझ नहीं बढ़ता और उनको हटाने के लिए निगम का अतिरिक्त व्यय नहीं होता है। बिना अनुमति के बेतरतीब बड़े-बड़े पोस्टर, बैनर और होर्डिंग लगाने से शहर की खूबसूरती में कमी आती है, जिसको इंदौर निगम ने अपना नियम बनाकर नियंत्रित किया है।

### उद्यान में ही कंपोस्ट पीट का अवलोकन

उद्यान में ऑन साइट कम्पोस्टिंग का अवलोकन किया गया, उद्यान का कचरा जिसे उद्यान में ही कम्पोस्ट खाद बनाया जाता है। कंपोस्ट जिसमें उद्यान से निकलने वाले ग्रीन वेस्ट को गार्डन परिसर मे कंपोस्ट पीट के माध्यम से निपटान किया जाता है स्वच्छता प्रशिक्षण हेतु इंदौर शहर भ्रमण के दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गवई, मन्नान गफ्फार खान, वरिष्ठ पार्षद महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्य, जालंधर सिंह, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य आधिकारीगण एवं पी आई यू उपस्थित रहे ।

# फिट इंडिया पहल पर साइकिलिंग अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया पहल पर फिटनेस को हमारी दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश्य से फिट इंडिया कार्यक्रम में साइकिलिंग अभियान का विशेष संडे ऑन साइकिल फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग में किया गया। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल मौजूद थे।

■ एसएसपी साइकिलिंग करते दिखे, फिटनेस का दिया सीख

आयोजन में एसएसपी अग्रवाल द्वारा साईकिलिंग सवारों को रवाना करने के पूर्व कहा कि यह फिट इंडिया पहल के तहत साईकिलिंग का आयोजन आज के लिए नहीं है। लगातार अपने शरीर को फिट रखने के लिए है हमें लगातार फिट रहना तो प्रत्येक दिवस फिटनेस के प्रति ध्यान देना होगा। रिटायरमेंट के बाद भी अच्छी जिंदगी का निर्वहन कर सके इसके लिए साइकिलिंग जरुरी है।

अभियान में प्रतिदिन अपने जीवन साइकिल का उपयोग कर अपने शरीर को स्वस्थ रखें। सहायक उप निरीक्षक अनिल शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक खोमन प्रसाद पाण्डेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साईकिल रैली पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग से गांधी चौक से पटेल चौक से गंजपारा चौक वापस-गंजपारा चौक से पटेल चौक से गांधी चौक से पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग तक किया गया। आयोजन में डीएसपी पुलिस लाइन चन्द्र प्रकाश तिवारी, निरीक्षक नीलकंठ वर्मा, लायक राम डहरिया, योगेश कुमार चन्द्रा, वासुदेव बढ़ई कंपनी कमांडर सातवीं वाहिनी छसबल भिलाई समेत पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### महापौर ने महिलाओं संग मनाया करू भात भोज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम की महापौर अलका बाघमार ने रविवार की शाम अपने सरकारी आवास एफ-4 पर विशेष करू भात भोज का आयोजन किया। सभी तीजहारिन को आमंत्रित कर तीजा पर्व से जुड़ी पारंपरिक रस्म निभाई गई।

# विधायक ने भिजवाया तिजहारिनों के लिए घर-घर करेला, दो हजार किलो खेप रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



पिछले 25 वर्षों से तीजा पर्व के लिए करेला का निःशुल्क वितरण कर रहे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन इस वर्ष लगभग 2 टन करेला मंगवा चुके हैं। वैशाली नगर विधानसभा में वार्ड वार्ड होते हुए घर घर यह करेला तीजहारिन महिलाओं के लिए पहुंच रहा है।

■ 2 टन करेला मंगवा चुके, एक-एक किलो का बनाया पैकेट

बता दें कि तीजा के पर्व पर करेले को विशेष महत्व दिया जाता है, खास तौर पर छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में जहाँ करू भात की परंपरा है। उपवास से पूर्व करेला के प्रयोग के दो मुख्य कारण हैं - पहला, करेला खाने से निर्जला व्रत के दौरान प्यास नहीं लगती है क्योंकि यह शरीर में तरल पदार्थ का उत्सर्जन करता है और दूसरा, करेले की कड़वाहट को मन की शुद्धता और शांत करने के लिए एक प्रतीक माना जाता है।

करेले की कड़वाहट को मानसिक शुद्धता से जोड़ा जाता है। पर्व पर महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए तीज व्रत करती हैं। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि 25 साल से लगातार पार्षद से लेकर आज तक तीजा के पहले करेला का वितरण करते हैं। तीजा के दौरान अचानक करेला महंगा होने से तिजहारिन माता बहनों को कड़ू भात खिलाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए एक एक किलो का पैकेट हम पूरे वैशाली नगर विधानसभा में पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को व्रत पूर्व माता बहनों को करू भात खाना है, तो उससे पहले करेला हम घर घर तक पहुंचवा रहे हैं। विधायक रिकेश सेन ने वार्डवार घर-घर व्रत रखने वाली महिलाओं के लिए एक-एक किलो करेला का पैकेट रवाना किया है।

# शहर की समस्याओं पर सभापति ने डिप्टी सीएम साव को सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग।** सर्किट हाउस में डिप्टी सीएम अरुण साव से सभापति श्याम शर्मा ने पार्षदों के साथ मुलाकात कर मांग पत्र सौंपकर विकास कार्य राशि के लिए निवेदन किया। उन्होंने विकास कार्यों के लिए राशि आबंटन को लेकर डिप्टी सीएम से चर्चा की। इस दौरान काशीराम कोसरे, मनीष साहू, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, संजय अग्रवाल, गुलशन साहू, रेशमा सोनकर, गुलाब वर्मा, मनोज सोनी, सरस निर्मलकर, जितेंद्र ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष कमलेश फोखर सहित आदि मौजूद रहें।

सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि शहर के समग्र विकास कार्यों को गति देने एवं नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन से विभिन्न मदों से राशि आबंटन की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विद्युत सामग्री उपलब्ध न होने से वार्डों एवं प्रमुख मार्गों की



प्रकाश व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अनेक स्थानों पर अंधेरे की स्थिति बन रही है, जिससे नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। राशि स्वीकृत होते ही प्राथमिकता के आधार पर विद्युत सामग्री खरीदी जाएगी और सभी वार्डों में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कर दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि पर्याप्त एवं व्यवस्थित प्रकाश व्यवस्था से नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा। इसी प्रकार तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण का विषय भी निगम की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। तालाब केवल जल संरक्षण के साधन ही नहीं, बल्कि शहर की सांस्कृतिक धरोहर भी हैं।

# ईडी ट्रॉफी कार्यकौशल स्पर्धा सितम्बर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन–ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा गैर-कार्यपालक कर्मियों के लिए कार्यपालक निदेशक ट्रॉफी कार्यकौशल प्रतियोगिता के आयोजन की घोषणा की गई। प्रतियोगिता 4 से 13 सितम्बर तक मानव संसाधन विकास केन्द्र वर्कशॉप में संपन्न होगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मियों की तकनीकी दक्षता, प्रतिभा एवं नवाचार को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहित करना है, ताकि वे क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकें।

■ मानव संसाधन विकास केंद्र में होगी वर्कशॉप

यह प्रतियोगिता कारपेंटरी, कंप्यूटर (प्रोग्रामिंग), कंप्यूटर (ऑफिस ऑटोमेशन), इलेक्ट्रिशियन, फिटिंग, हाइड्रोलिक्स, मशीनिंग, मटेरियल हैंडलिंग, पी.एल.सी., टर्निंग तथा वेल्डिंग जैसे कुल ग्यारह तकनीकी ट्रेडों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के संयोजक महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन–एलएंडडी) संजीव कुमार श्रीवास्तव को नामित किया गया है। इनके साथ महाप्रबंधक (मानव संसाधन–एलएंडडी) मुकुल सहारिया तथा सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन–एलएंडडी) सैफुद्दीन फजली, सेक्शन एसोसिएट प्रवीण कुमार एवं सरजेश कुमार समन्वयक होंगे। प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया बीएसपी इंट्रानेट होमपेज (ई–सहयोग) पर आरम्भ हो चुकी है, जो 31 अगस्त तक जारी रहेगी। विभागाध्यक्षों से कहा गया है कि वे अपने कर्मियों को भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें इसमें भाग लेने के लिए सहयोग करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। निष्पक्षता एवं प्रेरणा को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता के लिए विस्तृत प्रावधान किए गए हैं। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रु.5,000, रु.4,000 एवं रु.3,000 के नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। किसी विशेष ट्रेड में प्रतिभागियों की संख्या 30 से अधिक होने पर चौथे एवं पाँचवें स्थान पर आने वालों को भी ट्रॉफी और रु.2,000 की राशि दी जाएगी। साथ ही उपयुक्त संख्या के अनुसार अतिरिक्त प्रतिभागियों को रु.1,000 के सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। प्रतियोगिता की प्रतिस्पर्धी भावना बनाए रखने हेतु मानव संसाधन, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कर्मचारी तथा विगत वर्ष के प्रतियोगिता के 2024-25 संस्करण में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले इस वर्ष प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।

# सीएससी संचालक अब नहीं कर सकेंगे अधिक वसूली

रिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग ने प्रदेश के सभी कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी संचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि श्रमिकों से पंजीयन एवं योजना आवेदन के लिए केवल निर्धारित शुल्क ही वसूला जाए। यह निर्देश हाल ही में प्राप्त शिकायतों के आधार पर जारी किए गए हैं, जिनमें पाया गया है कि कुछ सीएससी संचालकों द्वारा 1000 से 1500 रुपए तक की अवैध वसूली की जा रही है, जबकि विभाग द्वारा अधिकतम 20 से 30 रुपए शुल्क ही निर्धारित किया गया है। श्रम विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सभी सीएससी संचालकों को पंजीयन एवं योजनाओं से संबंधित शुल्क की दरें सूचना बोर्ड पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी होंगी। यदि कोई संचालक तय शुल्क से अधिक राशि वसूलते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।श्रमिकों और हितग्राहियों को श्रमेव जयते मोबाइल ऐप के माध्यम से जागरूक किया जाएगा और सभी श्रम कार्यालयों एवं श्रम संस्थानों से ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

■ श्रम विभाग ने जारी किए निर्देश

### दोषियों पर होगी कार्रवाई

सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार इस दिशा में निगरानी और निरीक्षण की प्रक्रिया को और सख्त किया जा रहा है। जिलास्तर पर कलेक्टर के संज्ञान में लाकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा सीएससी संचालकों और ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी ताकि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। पोर्टल पर दर्ज पंजीयन एवं योजना आवेदन की स्वीकृति या निरस्तीकरण की भी रैंडम आधार पर जांच की जाएगी। साथ ही शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष तंत्र तैयार किया जा रहा है।

# मेडिकल व बिजली कार्यों के लिए कर्मियों को नहीं होगी असुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई श्रमिक सभा एचएमएस यूनियन ने कर्मचारियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक नया ऐप जारी किया है। ऐप को इंस्टॉल करने के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र के चार अलग-अलग सीन दिखेंगे। एक पेज खुलेगा, जिस पर ई सहयोग, टेलीफोन डायरेक्टरी, अटेंडेंस रिकॉर्ड, दूसरे प्लांट से स्थानांतरित होकर आए कर्मचारियों

■ एचएमएस ने जारी किया ऐप



का फॉर्म 16, पेमेंट स्लीप, सेल पेंशन, सेवा निवृत हो चुके कर्मचारियों के लिए अग्रज संवाद, के अलग-अलग बॉक्स दिखेंगे। कर्मचारी जिस बॉक्स पर क्लिक करेंगे संबंधित पेज खुल जाएगा।

एचएमएस के महासचिव पीके मिश्रा ने बताया कि 1 वर्ष पूर्व भी यूनियन द्वारा ऐप बनाया गया था लेकिन बीएसपी प्रबंधन द्वारा अपग्रेड करते हुए संबंधित पोर्टल का आईपी ऐड्रेस बदल दिया था। वर्तमान में कर्मचारियों को अलग-अलग पोर्टल के लिए अलग-अलग आईपी एड्रेस अपने मोबाइल में सुरक्षित रखना पड़ता है । इससे कर्मचारियों को मोबाइल मैं कार्य करने में असुविधा हो रही है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा एम सहयोग ऐप जारी किया गया है लेकिन इस ऐप के द्वारा मेडिकल टोकन बुकिंग, ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मीटर रीडिंग एंट्री, अटेंडेंस रिकॉर्ड, छुट्टी का आवेदन, को ना ही देखा जा सकता है।

### बीएसपी इंट्रानेट कंप्यूटर पर भी दिखेगी इंट्री

यूनियन द्वारा जारी इस नए ऐप के माध्यम से कर्मचारी मोबाइल पर कभी भी 24 गुना 7 इसे देख सकते हैं तथा कार्य कर सकते हैं। जो एंट्री मोबाइल पर करेंगे वही एंट्री बीएसपी इंट्रानेट कंप्यूटर पर भी दिखेगी। ऐप से संबंधित यदि किसी कर्मचारी को कोई समस्या हो तो यूनियन द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। कर्मचारी सुविधा के लिए यूनियन के पूर्व उपाध्यक्ष दीपक मुदलियार से संपर्क कर अपनी समस्या का निवारण कर सकते हैं।

**लंबित वेतन समझौतों को जल्द पूरा करने की अपील, अन्य मुद्दों पर भी चर्चा**

# टाउनशिप की जमीन हस्तांतरण के मुद्दे को लेकर सांसद मिले इस्पात मंत्री से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सांसद विजय बघेल ने पिछले दिनों केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी से मुलाकात की। भिलाई टाउनशिप के विकास को लेकर चर्चा की। मुख्य रूप से टाउनशिप की जमीन की लीज नवीनीकरण का मुद्दा प्रभावीढंग से रखा।

■ लीज नवीनीकरण का मुद्दा रखा



लीज नवीनीकरण से भिलाई टाउनशिप में स्थित सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक संस्थाओं, व्यापारिक संस्थान एवं आवासीय भवनों के लीज नवीनीकरण का रास्ता सुलभ हो सकेगा। वर्तमान में लीज अवधि का प्रथम चरण 30 अथवा 33 वर्ष पूर्ण होने पर वर्तमान बाजार दर पर भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रीमियम की मांग की जा रही है, जो लीजधारकों के मुताबिक न्याय संगत नहीं है। इससे छोटे व्यापारी एवं आवासीय भवनो को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही नगर निगम रिसाली के जमीन हस्तांतरण का मुद्दा माननीय सांसद ने प्रमुखता से रखा।

अवगत कराया गया कि सघन बसाहट श्रमिक बस्ती, नेवई बस्ती, मरोदा इत्यादि वार्ड शीघ्र राज्य सरकार को हस्तांतरित की जाए। इससे प्रधानमंत्री आवास योजना, पट्टा योजना व अन्य मूलभूत विकास योजना का लाभ इस क्षेत्र के रहवासियों को मिल सके। सांसद ने अतिरिक्त सेल के गैर कार्यपालिक कर्मचारियों के लंबित वेतन समझौतों को शीघ्र पूरा किये जाने का अनुरोध किया। जानकारी दी कि विगत 39 माह का बकाया फिटमेंन्ट एरियर्स एवं परफार्मेन्स एरियर्स की राशि का शीघ्र भुगतान हो सकेगा।

साथ ही गृह भाड़ा भत्ता एवं अन्य नियम लागू करने का अनुरोध किया गया। इसके अतिरिक्त भिलाई इस्पात संयंत्र के भूतपूर्व कर्मचारियों को जिन्होंने इस्पात के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हें सेवानिवृत्ति उपरांत छत की सुविधा भी उपलब्धता हो सके। इसके लिए पूर्व कर्मचारियों को 650 वर्गफीट तक के आवास लाइसेंस पर उपलब्ध करने की मांग की गई। सेक्टर-9 हॉस्पिटल में चिकित्सा महाविद्यालय खोले जाने की सम्पूर्ण सुविधाएं होने की भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर साजा के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, भिलाई स्टील सिटी चेम्बर आफ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, विधि सलाहकार स्टील सिटी चेम्बर पीयूष जैन, हिमांशु चौबे, प्रणव शर्मा व रोशन ताम्रकार सहित अन्य उपस्थित थे।

### जल्द मिल सकेगी अनापत्ति

सांसद ने कहा कि अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी होने से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आंगनबाड़ी भवन, शासकीय महाविद्यालय, शासकीय पुस्तकालय, नांलदा परिसर, इंडोर स्टेडियम, खुर्सीपार स्टेडियम निर्माण, नगर पालिका परिषद अहिवारा में विभिन्न जनउपयोगी निर्माण कार्य आईटी पार्क जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों द्वारा भवन निर्माण की अनापत्ति शीघ्र मिल सकेगी। इसके साथ ही भिलाई हुडको में निवासरत निवासियों की वर्षो पुरानी समस्या सीवरेज निकासी की ओर ध्यान आकर्षित किया गया।

# उद्योगपति फैक्ट्री और घर के बाहर तरफ भी सीसीटीवी कैमरा लगाएं

**भिलाई।** एमएसएमई जिला उद्योग संघ के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात की। एसपी अग्रवाल की पहल पर कंट्रोल रूम, सेक्टर- 6 स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक हुई। संघ के अध्यक्ष केके झा सहित अन्य पदाधिकारियों ने औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में अपराधों को रोकने के अपने कुछ सुझाव दिए। एसएसपी ने सभी सुझाव और मांगों को गंभीरता से सुना और उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही इन मांगों का निराकरण कर दिया जाएगा।

बैठक में एसएसपी ने जानकारी ली कि किन उद्योगपतियों ने अपनी फैक्ट्री और निवास में सीसीटीवी कैमरा लगा रखा है। उन्होंने सभी से फैक्ट्री और घर के बाहर एंट्री पर कैमरे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज आपराधिक घटनाओं को पर्दाफाश करने में सीसीटीवी कैमरे का बहुत बड़ा रोल है। संघ के अध्यक्ष झा का कहना था की फैक्ट्री और घर के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने का सुझाव काफी अच्छा है। इससे न केवल हम सभी उद्योगपति बल्कि पुलिस प्रशासन को भी अपराध रोकने में बड़ी मदद मिलेगी।उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना ने छावनी चौक पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की मांग की। उनका कहना था कि यह चौक काफी बड़ा है।

यहां ट्रैफिक बहुत ज्यादा है तथा छोटे बड़े वाहनों के साथ-साथ भारी वाहनों का काफी दबाव है। यहां आए दिन दुर्घटना होते रहती है। साथ ही उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में सायरन के साथ पुलिस पुलिस पेट्रोलिंग की भी मांग की।

**मौत : मामले की जांच में जुटी पुलिस, किया जाएगा अपराध दर्ज**

# बाप-बेटे की करंट से मौत, किसान ने बिछाया था खेत में करंट तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के रणवीरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम कोहड़िया से सोमवार को एक हृदय विदारक घटना सामने आई जहां करंट की चपेट में आने से बाप-बेटे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना संभवतः रविवार तड़के की बताई जा रही है। भोर फटने के बाद जब ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकले तो उनकी नजर गांव के एक खेत में ही पड़े दो ग्रामीणों के शव पर पड़ी जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल क्षेत्रीय पुलिस को दी। सूचना मिलते की मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव बरामद कर लिए वहीं मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। बताया जाता है कि ग्राम कोहड़िया के ही रहने वाले पेशे से किसान विशाल पटेल ने अपने खेतों में टमाटर की फसल ले रखी थी। लेकिन वे अज्ञात चोरों और पशुओं की चराई से त्रस्त थे। जिसके चलते उन्होने अपनी टमाटर की फसल को अज्ञात चोरों और पशुओं से बचाने के लिए खेते के चारों और करंट प्रवाहित जाल बिछा रखा था। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि जहरु निषाद और श्रवण निषाद (बाप-बेटे) अंधेरे में टमाटर की चोरी करने खेत में घुसने का प्रयास कर रह रहे थे और वे इसी दौरान खेत में बिछाए गए करंट की चपेट में आ गए जिससे दोनो की मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी ने बताया कि रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि विशाल पटेल के खेत में दो लाश पड़ी हुई है। इस सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शवों की पहचान श्रवण निषाद और जहरू निषाद निवासी ग्राम कोहड़िया के रूप में की गई जो रिश्ते में बाप-बेटा हैं। जानकारी मिली है कि खेत के मालिक ने अपने खेत में करंट का तार लगा रखा था, उन्होने बताया कि बरामद शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है जांच में मौत का कारण करंट से होने का पता चला है। पुलिस के मुताबिक इस स्थिति में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**करंट तार बिछाकर दूसरों की जान डाली जा रही जोखिम में**



यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले में इस तरह से किसी के द्वारा अपने खेतों में अथवा शिकार के लिए करंट प्रवाहित तार बिछाकर दूसरे की जान जोखिम में डालने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन की दुलमुल कार्यप्रणाली के चलते ऐसे मामलों में लगाम लगते नहीं दिखाई नहीं दे रही है। नतीजतन एक बार फिर दो ग्रामीणों की जान चली गई। माना जा रहा है कि इस तरह के मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुर्नावृत्ति को रोका जा सके।

# विकासखण्ड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

विकासखण्ड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन शास.बा.उ.मा.वि. नवागढ़ में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के आदेशानुसार विषय सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल नौ हाई एवं हायर सेकण्डरी विद्यालय शामिल हुए।

जिसमें शास. हाई स्कूल नांदल, हायर सेकण्डरी कटई, खेड़ा, प्रतापपुर, गोढ़ीकला, बालक नवागढ़, सेजेस मारो, सेजेस अंग्रेजी माध्यम नवागढ़, झाल है।प्रतियोगिता का आयोजन प्राधिकरण के द्वारा दिये गये निर्धारित मापदंड एवं नियमों के अनुसार किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हायर सेकण्डरी स्कूल गोढ़ीकला को रू. 2500.00, द्वितीय स्थान हायर सेकण्डरी स्कूल खेड़ा को रूपये 2000.00, तृतीय स्थान हायर सेकण्डरी स्कूल प्रतापपुर को रूपये 1500.00 दिया गया। साथ ही सेजेस नवागढ़, हायर सेकण्डरी बालक नवागढ़ और हायर सेकण्डरी स्कूल कटई को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रत्येक को रूपये 1000.00 दिया गया। इस अवसर पर जी.पी. बनर्जी प्राचार्य शास.बा.उ.मा.वि. नवागढ़, हितेन्द्र बंजारे सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ एवं जगजीवन राम साहू विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक नवागढ़, व्याख्याता सिलोचन साहू, प्रभारी प्राचार्य आर.डी. गहिरे, सरेश बंजारे प्रधान पाठक मा.शा. तोरा, सुरेश साहू निर्णायकगण दीपचंद देवांगन, कमलेश साहू, पूर्णानंद तिवारी, सरोज कुमार कुर्रे, जितेन्द्र चौहान, जितेन्द्र राजपुत एवं कुमार वर्मा एवं संबंधित विद्यालय के प्रभारी शिक्षक / शिक्षिका उपस्थित रहे।

- प्रथम पुरस्कार मिला हायर सेकेंडरी गोढ़ी कला को मिला

**जिला पुलिस को मिली नए वाहनों की बड़ी सौंगातः कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से पूरे प्रदेश की पुलिस को आधुनिक और सक्षम बनाने के उद्देश्य से नए वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में कबीरधाम जिले की पुलिस को 12 नई बोलेरो गाड़ियां और 5 नई पेट्रोलिंग मोटर साइकिलें प्राप्त हुई हैं। इन वाहनों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और जिले के विभिन्न थाना व चौकियों में उपयोग हेतु आबंटित किया।

## खबर संक्षेप

### सिल्हाटी की आरा मिल से अवैध लकड़ी जप्त

**कवर्धा।** वन विभाग ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए सिल्हाटी की एक आरा मिल से अवैध ईमारती लकड़ी जप्त की है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार स.लोहारा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिल्हाटी स्थित अशोक सा मिल में उप वनमंडल अधिकारी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सा मिल परिसर से अवैध रूप से संग्रहित काष्ठ बरामद किया गया। काष्ठ संबंधी लेखा-जोखा की जांच में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इस पर सा मिल संचालक अशोक जायसवाल के विरुद्ध छत्तीसगढ़ काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध काष्ठ जप्त कर लिया गया।

### शिविर में 35 रक्त दाताओं ने किया रक्तदान

**कवर्धा।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेन्द्र शिव ज्योति भवन छीरपानी कॉलोनी कवर्धा में 24 अगस्त को संस्था के द्वितीय मुख्य प्रशासिका रही दादी प्रकाशमणी की पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार रक्तदान शिविर में शासकीय जिला अस्पताल कबीरधाम के ब्लड बैंक विभाग ने डॉ. हर्षित तुनवानी एवं उनकी मेडिकल टीम के सहयोग से 35 रक्त दाताओं से रक्त दान संग्रहित किया गया। शिविर में जिसमे विशेष रुप से संस्था की राजयोग शिक्षिका ब्रह्मा कुमारी गोमती बहन, जिला महिला विकास अधिकारी, संस्था के सम्पर्क मे रहने वाले स्कूली शिक्षक शिक्षकाओं ने तथा दमोह मध्यप्रदेश से आए हुए दो मुस्लिम पिता-पुत्र ने भी रक्त दान किया।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल चिल्फी में 24 की जगह मात्र 6 शिक्षक

## पढ़ाई लिखाई की निभाई जा रही सिर्फ औपचारिकता



- सुशासन तिहार में डीईओ को पालकों द्वारा आवेदन सौंपने के बाद भी कार्यवाही शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिल्फीघाटी

स्कूल शिक्षा विभाग और शासन के युक्तियुक्तकरण नीति से जिले की स्कूल शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और सरकारी स्कूलों में व्याप्त शिक्षकों की कमी को दूर करने के दावे पूरी तरह से खोखले साबित हो रहे हैं। इसकी एक बानगी जिले के वनांचल ग्राम चिल्फीघाटी में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेण्डरी स्कूल में साफ देखी जा सकती है।

बताया जाता है कि यहां कक्षा पहली से लेकर 12 वीं तक की कक्षाएं संचालित है लेकिन सीधे तौर पर इन 12 कक्षाओं में अध्यनरत 224 विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए स्कूल में मात्र 6 शिक्षक ही पदस्थ हैं। इसमें कई विषयों के शिक्षकों की स्कूल में पदस्थापना ही नहीं की गई है। जिसके चलते अन्य कक्षाओं के साथ ही 8 वीं, 10 और 12 वी की बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है और बच्चे तथा उनके पालकों चिंतित नजर आ रहे हैं।

पालकों ने बताया कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेण्डरी स्कूल में 24 शिक्षकों की पदस्थापना होनी चाहिए लेकिन इसके विपरीत यहां सिर्फ एक तिहाई शिक्षकों की पदस्थापना है।

जिससे एक ही शिक्षक को कई-कई क्लास लेनी पड़ रही है विषयों को भी पढ़ाने पड़ रहे हैं। वहीं कक्षा 8 वीं, 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बताया कि विद्यालय में गणित, विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं होने के कारण उनका अध्यापन कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। पदस्थ शिक्षक अपनी योग्यता और क्षमता के अनुसार सिर्फ खानापूर्ति कर पा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होने अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता जाहिर करते हुए जिला शिक्षा विभाग से सुशासन तिहार में मांग थी कि जल्द से जल्द नए शिक्षकों की नियुक्ति की जाए, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा लिखित में यह कहा गया था कि शिक्षक भर्ती प्रक्रियाधीन हैं और शिक्षासत्र शुरू होने से पहले शिक्षकों की नियुक्ति हो जाएगी लेकिन आज दिनांक तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षक भर्ती नहीं की गई हैं जिससे छात्र छात्राएं एवं अभिभावक परेशान हैं। उन्होने शासन-प्रशासन तथा स्कूल शिक्षा विभाग से वैकल्पिक व्यवस्था कर शिक्षकों की कमी को तत्काल दूर कराए जाने की मांग की है।

# सशिमं संस्कार और शिक्षा का अद्वितीय संगम : डॉ. वीरेन्द्र

## ग्राम पनेका में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति जिला कबीरधाम द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन ग्राम पनेका में किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी खेल प्रतिभाओं का शानदर प्रदर्शन किया और स्थान बनाया। विजेता खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के समापन तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री साहू द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर अपने उत्कृष्ट संस्कार और उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था के लिए देशभर में विशेष पहचान बनाए हुए है। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों में राष्ट्रप्रेम, चरित्र निर्माण और भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था जगाना है। यही कारण है कि यहां शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि जीवन मूल्यों और नैतिक आदर्शों से जुड़कर बच्चों को पूर्ण व्यक्तित्व प्रदान करती है। विद्यालय में प्रार्थना, योग, व्यायाम तथा देशभक्ति गीतों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक-




मानसिक विकास को बढ़ावा दिया जाता है। इसके साथ ही, आधुनिक शिक्षा पद्धति को अपनाते हुए विज्ञान, गणित, कंप्यूटर तथा अन्य विषयों की गहन जानकारी भी दी जाती है। विद्यार्थियों को खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक कार्यों में भागीदारी के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जागरूकता विकसित होती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति के जिला संयोजक सूर्यप्रकाश चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष खेलेश्वर साहू, जनपद भारत शर्मा, सहकारिता सदस्य सुरेश साहू, पीताम्बर चंद्राकर, सरपंच पनेका श्रीमती दीना हेमंत साहू, लोकेश साहू, धनेश्वर साहू, आत्मा साहू सहित प्रधानाचार्य आचार्य एवं शिक्षकगणों सहित बड़ी संख्या ग्रामीणजन तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

# ग्राम बिजई में 24 घंटे का सतनाम धुनी 26 अगस्त से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिजई

जिला मुख्यालय कवर्धा से लगे ग्राम बिजई में 24 घंटे का सतनाम धुनी 26 अगस्त से प्रारंभ किया जाएगा। आयोजकों द्वारा इस आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस संबंध में आयोजकों ने बताया कि 26 अगस्त को 4.00 बजे से 24 घंट की सतनाम धुनी प्रारंभ की जाएगी।

जिसका शुभारंभ सतनाम समाज के प्रमुख भंडारी साटीदार पंडित और प्रमुख अनुयायियों द्वारा गुरु गद्दी जोड़ा जैतखाम की पूजा पाठ कर किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न पंथी टोली द्वारा 24 घंटे तक सतनाम-सतनाम का गुणगान कर बाबा गूरू घासीदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। पंथी टोली के द्वारा बाबा के संदेशों सत्य, अहिंसा और मनखे-मनखे एक समान के संदेशों को लोगों तक पहुंचाया जाएगा और सतनाम के अनुयायियों को बाबा गुरु घासीदास के संदेशों व उपदेशों के मार्ग पर चलने के लिए संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इस आयोजन में समाज के बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। आयोजकों के मुताबिक कार्यक्रम 26 अगस्त से प्रारंभ होकर 27 अगस्त तक चलेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायत बिजई के द्वारा सरपंच देवकी मोहले पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# दो प्रतिशत डीए वृद्धि का स्वागत लेकिन मोदी की गारंटी के अनुरूप नहीं: टीचर्स एसोसिएशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के सरकारी कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते में दो फीसदी की वृद्धि का छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्वागत करते हुए मोदी की गारंटी के अनुरूप नहीं होने से अपर्याप्त करार दिया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि विगत विधानसभा चुनाव के पहले प्रस्तुत मोदी की गारंटी में प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय तिथि से मँहगाई भत्ता देने का वादा किया गया था, लेकिन दो फीसदी मँहगाई भत्ते को जनवरी-2025 के बजाय सितंबर-2025 से देने का निर्देश दिया गया है, जो केंद्र के समान देय तिथि से नहीं है। डॉ. चन्द्रवंशी ने आगे बताया कि वर्तमान में केंद्रीय कर्मचारियों को एक जनवरी-2025 से 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ता प्रदान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा 25 अगस्त 2025 को जारी पत्र के अनुसार राज्य के कर्मचारियों को वर्तमान में देय 53 प्रतिशत मंहगाई भत्ते में दो प्रतिशत की वृद्धि कर एक सितंबर से 55 प्रतिशत किया गया है।

इस वृद्धि से राज्य के कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता केंद्र के समान 55 प्रतिशत भले ही हो गया हो, लेकिन केंद्र के समान देय तिथि जनवरी-2025 से नहीं देने के कारण कर्मचारियों में नाराजगी है।

**लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी**

# पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की ली क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में अपराध नियंत्रण और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे के उद्देश्य से आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने की।

इसमें जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं डीएसपी स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलेभर में दर्ज आपराधिक प्रकरणों की बिंदुवार समीक्षा की गई और थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने कहा कि जनता को शीघ्र न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है, इसलिए विवेचना और जांच में अनावश्यक विलंब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



उन्होंने थाना प्रभारियों को हिदायत दिया कि लंबित मामलों में सुस्ती या लापरवाही पर सीधे जिम्मेदारी तय होगी और दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि गंभीर अपराधों की विवेचना तय समयसीमा में पूरी कर दोषियों के विरुद्ध शीघ्र चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत की जाए। लंबित मामलों को निपटाने के लिए प्रत्येक थाना प्रभारी ठोस कार्ययोजना तैयार कर तत्काल अमल करें। थाना स्तर पर नियमित क्राइम मीटिंग आयोजित कर प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करने को भी अनिवार्य बताया गया।

श्री सिंह ने सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों को अनुशासन बनाए रखने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान सभी अधिकारी व जवान अनिवार्य रूप से वर्दी पहनकर ही कार्य करें और शालीन आचरण बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि वर्दी संबंधी नियमों अथवा अनुशासनहीनता पर किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तत्काल विभागीय कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और जनता का भरोसा कायम रखने के लिए पुलिस को संवेदनशीलता, पारदर्शिता और तत्परता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने थाना प्रभारियों से अपेक्षा जताई कि वे अपनी टीम का नेतृत्व मजबूती से करें, हर प्रकरण पर व्यक्तिगत निगरानी रखें और जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल, डीएसपी संजय ध्रुव, अखिलेश कौशिक प्रतीक चतुर्वेदी, भूपत सिंह, कृष्ण कुमार चंद्राकर सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

# दो परिवारों को मिली 4-4 लाख की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के तहसील सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम अचानकपुर में एक माह पूर्व घटित दर्दनाक हादसे में दो मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस दुखद घटना से पीड़ित परिजनों को राज्य सरकार की संवेदनशीलता और त्वरित प्रशासनिक कार्यवाही के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा प्रकरण का नियमानुसार परीक्षण कर राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के अंतर्गत प्रत्येक पीड़ित परिवार को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। भुगतान की अनुमति मिलते ही आज अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सहसपुर लोहारा श्रीमती शिल्पा देवांगन ने स्वीकृति पत्र परिजनों को प्रदान किया। आर्थिक सहायता प्राप्त करने वालों में स्वर्गीय आशु धुर्वे (उम्र 6 वर्ष) की माता श्रीमती शिवबती पति राजू धुर्वे, निवासी ग्राम अचानकपुर और स्वर्गीय भारत कुमार साहू (उम्र 12 वर्ष) के पिता थानूराम साहू पिता विष्णु साहू, निवासी ग्राम अचानकपुर है। इस अवसर पर तहसीलदार सहसपुर लोहारा विवेक गोहिया, नायब तहसीलदार नागेश ताजय एवं हुलेश्वर कुमार पटेल भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस दर्दनाक घटना की जानकारी उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने स्वयं संज्ञान में लेकर तत्काल कलेक्टर गोपाल वर्मा को प्रकरण का त्वरित निराकरण करने तथा पीड़ित परिजनों को नियमानुसार आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए थे।

पेज 11 का शेष

### नवागांव में एक दिवसीय ...

रहा हुं हम जीते आगे जाने का मौका मिला। महिला व पुरुष दोनों में सभी खिलाड़ी छोटे-छोटे जगहों से पहुचते है भारत देश के लिए खेलते है। इस अवसर पर मोहनलाल सिन्हा, इंदल सिन्हा, ईश्वर सिन्हा, दिलीप सिन्हा, मनोज सिन्हा, बेनीराम साहू, घनश्याम साहू, गणेशु मार्कण्डेय, रामचरण बंजारे,भुवन यादव, प्रहलाद श्रीवास, हेमचंद सिन्हा, थानुराम सिन्हा, बहलराम सिन्हा, रामनाथ सिन्हा, खेमलाल साहू, तोरण सिन्हा, गोविंद सिन्हा, योगेश्वर सिन्हा, गौकरण सिन्हा, डोमार साहू, धनीराम सिन्हा, रमेश सिन्हा सहित वीर शिवाजी कबड्डी टीम व बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### इरईकला में रामनाम सप्ताह आज से

**पटेवा।** इरईकला में कल 26 एवं 27 अगस्त को रामनाम सप्ताह का आयोजन किया गया है। ग्राम एवं आसपास की टोलियां संगीत के माध्यम रामनाम का संकीर्तन करेगी। विसर्जन के दौरान दही लुट, मटका फोड़ आयोजित किया गया है। बुधवार को हवन यज्ञ के बाद राउत नाच के साथ श्रीकृष्ण की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### बंद नहीं होगा रेलवे स्कूल

**डोंगरगढ़।** शहर के 107 साल पुराने रेल्वे स्कूल को बंद करने का फैसला वर्तमान सत्र के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस पहल के लिए सभी सदस्यों एवं सांसद संतोष पांडे का सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने आभार व्यक्त किया है। स्कूल को अनवरत जारी रखने के लिए सांसद श्री पांडे एवं सांसद प्रतिनिधि द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

### 30 लाख की लागत से बनेगा महतारी सदन

**छुरिया।** छुरिया ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुमर्दा, डोंगरगढ़ की मोहड़, मोहारा, डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम अर्जुनी में 30- 30 लाख की लागत से महतारी सदन का निर्माण होगा। विगत दिनों प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के प्रवास के दौरान महिलाओं की मांग को जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने रखा था। प्रभारी मंत्री श्री शर्मा ने कुमर्दा कलस्टर में महतारी सदन के लिए मार्क किया है। उन्होंने कलस्टरों में महतारी सदन का निर्माण कराने का आश्वासन दिया है। इस पहल के लिए श्रीमती वैष्णव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, प्रभारी मंत्री श्री शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत का आभार व्यक्त किया है।

### बच्चों ने मनाया पोला

**मुरमुंदा।** शनिवार को प्राथमिक शाला भरूहाटोला में प्रधानपाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में बच्चों ने पोला पर्व मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने मिट्टी से पोरा, जांता, नांदिया बईला एवं आकर्षक खिलौने बनाकर पूजा-पाठ किया। प्रधान पाठक ने बच्चों के कार्य को सृजनात्मकता बताया है।

### लोधी समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

**घुमका।** स्थानीय रानी अवंतीबाई स्कूल में रविवार को जिला स्तरीय लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइड समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मचारियों का श्रीफल, साल एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया।

## निधन

### मन्नू लाल शर्मा



**बेमेतरा।** तेंदुभाठा के मन्नू लाल शर्मा 87 वर्षीय, जो शंकर नगर, दुर्ग के निवासी एवं सेवानिवृत्त लेखपाल (वन विभाग) थे, का स्वर्गवास दिनांक 25.08.2025 को हो गया। वे अपने पीछे पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मन्नू लाल शर्मा राजेश शर्मा, शालिनी और हेमप्रभा के पिता एवं आर्यादित्य और वासु के दादाजी थे।

---

**आयोजन**

**नगर पंचायत में 25 वर्षों बाद गुरुजनों, शिष्यों का हुआ मिलन समारोह**

# समाज में इमानदारी से काम करने वाला ही देशभक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



नगर पंचायत बेरला में पूर्व विद्यार्थियों व शिक्षकों का मिलन समारोह सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र बेरला में हुआ, जिसमें 1999 से 2005 बैच के विद्यार्थियों व शिक्षकों के सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर 25 साल बाद अपने शिक्षकों को अपने बीच पाकर विद्यार्थी भावविभोर हुए। वहीं शिक्षक भी अपने पढ़ाये विद्यार्थियों को पाकर पुरानी भावना में डुबे दिखे। ऐसा लगा सभी 25 वर्ष पूर्व में बैठ कर कक्षा में पढ़ाई कर रहे हैं और शिक्षक उन्हें पढ़ा रहे हैं।

कम सुविधाओं में भी अच्छी शिक्षा व्यवस्था- पुराने दिनों को याद करते हुए शिक्षक अखिलेश पाटिल ने बताया कि हम लोग टाटपट्टी में बैठकर व चार से पांच किलोमीटर सायकिल चलाकर स्कूल आया करते थे, कम सुविधा होने के बाद भी शिक्षा व्यवस्था अच्छी थी। 25 वर्ष पूर्व के शिक्षकीय जीवन को याद करने हुए व्याख्याता हेमन लाल मांडले ने कहा कि समाज में आगे बढ़ने में सभी लोगों का योगदान होता है। व्याख्याता संतोष कुमार साहू ने छात्रों का नाम पुकार कर पुराने दिनों को याद किया। व्याख्याता सी एल साहू ने सभी विद्यार्थियों को एक जुट रहकर जीवन जीने की सलाह दी। व्याख्याता नादिरा खान ने कहा सभी विद्यार्थी कही ना कही कुछ ना कुछ कर रहे हो, कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता। अपना काम पूरी ईमानदारी से करने वाला ही देशभक्त है व देश को आगे बढ़ाने वाला है। व्यख्याता किरण शर्मा ने छात्रों से ईमानदारी से काम करने की अपील की। व्याख्याता आर के पाटिल ने अपने शिक्षकीय जीवन का चित्रण कर संर्घष को समझाया।

शिक्षकों व विद्यार्थियों के बीच कई पुरानी यादों व संघर्षों को याद किया गया, किस प्रकार आवागमन का साधन नहीं होने पर भी शिक्षा में कोई कमी नहीं थी। बिजली नहीं होने पर भी लालटेन में विद्यार्थी पढ़ते थे। कम सुविधा का जीवन था अब मोबाइल व इंटरनेट का युग है सुविधाएं ज्यादा है। शिक्षकों को शाल व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

### सभी शिक्षकों को शाल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया

कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को शाल व प्रतिक चिन्ह देकर किया गया। शिक्षकों द्वारा सभी भूतपूर्व विद्यार्थियों को भी प्रतीक चिन्ह स्मरण स्वरुप दिया गया। कार्यक्रम में डाक्टर, इंजीनियर, पुलिस, पत्रकार, शिक्षक, किसान, बैंक मैनेजर, गृहणी, उद्योगपति, सेल्फ ईम्पलाई, दुकानदार सभी वर्ग के शामिल हुए अपने बीच इन सभी वर्गों के विद्यार्थी को पाकर सभी शिक्षक प्रफुल्लित हुए। इस अवसर पर डा. गुलशन मांडले, डा पवन परगनिहा, इंजीनियर लेखराम साहू, पुलिस प्रधान आरक्षक दिनेश मंडावी, आरक्षक अरुण वर्मा, मंत्रालय विभाग से राजेश वर्मा, पोल्टी फार्म संचालक दीपक देवांगन, शिक्षक अखिलेश पाटिल. हिरकनी साहू, शिक्षक शान्तीलाल लहरे, शिक्षक कुलेश्वर ठाकुर, कथा वाचक संदीप दिवेदी, पत्रकार व उद्योग से रिजवान खान, गृहणी अनिता सोनी, किसान अजय परगनिहा, दुकानदार खुबी साहू, इंजीनियर अभिषेक वर्मा, स्कूल संचालक नवीन गौतम, सिवील ठेकेदार अनुज वर्मा, मंडी विभाग के राकेश वर्मा, पंचायत सचिव निशा शर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

---

## सड़क दुर्घटना रोकने यातायात नियमों का पालन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बेरला में किया गया। प्रतियोगिता में 10 विद्यालय के प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति प्रदान किया।

जिसमें प्रथम स्थान को 2500 का पुरस्कार शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कडरका को प्राप्त हुआ। वही द्वितीय स्थान पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कुसमी 2000 का पुरस्कार प्राप्त किया। इसके साथ ही तीसरे स्थान पर पीएम श्री विद्यालय बेरला 1500 का पुरस्कार प्राप्त किया। अन्य तीन विद्यालयों को सांत्वना रूप से एक-एक 1000 की राशि प्रदाय की गई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी बृजेश अग्रवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेरला जयप्रकाश करमाकर एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक खोमलाल साहू, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी उईके, ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष माहेश्वरी एवं सदस्य राजू साहू, सहित निर्णायक भुवन लाल साहू, पुष्पा नायक, मधुबाला आडिल, संकुल समन्वयक मयंक राजपूत, वरुण आडिल ,भूमिका तिवारी, पायल निषाद उपस्थिति में संपन्न हुआ।



## हैदराबाद में शिक्षा और समाज सुधार के लिए डॉ. सौरव निर्वाणी को मिला सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्का ने आज हैदराबाद के दासपल्ला, जुबली हिल्स स्थित प्रथापरुद्र हाल में आयोजित एड्यूविजनरी 2025 कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया।

इस अवसर पर देशभर से आए शिक्षाविदों, समाजसेवियों एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में, छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं विचारक डॉ. सौरव निर्वाणी का भव्य सम्मान किया गया।

यह आयोजन देश में शिक्षा क्षेत्र में सुधार, नारी सशक्तिकरण, साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर किए जा रहे कार्यों को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित किया गया था। यूनिटी फाउंडेशन के माध्यम से इन विषयों पर किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए डॉ. निर्वाणी को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में यूनिटी फाउंडेशन के सी ई ओ के.एस.आर. मूर्ति एवं संस्थापक सदस्य डॉ. सौरव निर्वाणी दोनों को एक साथ मंच पर सम्मान प्रदान किया गया,आयोजन में मुख्य रूप से माननीय अतिथियों में डॉ. जयप्रकाश नारायण, वरिष्ठ समाजसेवी एवं संस्थापक, लोकसत्ता मूवमेंट,एम. मुरली मोहन, पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ अभिनेता,जे.डी. लक्ष्मी नारायण, पूर्व आईपीएस अधिकारी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ डॉ. सौरव निर्वाणी ने सम्मान ग्रहण करते हुए कहा नॉलेज के लिए अब कालेज की प्रासंगिकता हुई है कम,नए भारत में सीखने के भी तरीके नयें,एक शिक्षक अब हजारों शिक्षार्थियों को एक साथ घर में बैठ ही पढ़ा रहे हैं, उन्होंने आगे कहा

"यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की जनता और उन सभी युवा साथियों का है जो शिक्षा, नारी सशक्तिकरण और समाज सुधार की दिशा में समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। मेरा संकल्प है कि आने वाले समय में हम शिक्षा और सामाजिक चेतना के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के कार्य को और तेज़ी से आगे बढ़ाएँगे।"उन्होंने यूनिटी फाउंडेशन के केएसआर मूर्ति ,वामसी आंदुकारी का विशेष आभार व्यक्त किया। तेलंगाना में प्रकाशित शिक्षाविदों के आलेख में डॉ सौरव निर्वाणी के लेख को स्थान दिया गया है जो नगर के लिए गौरव की बात है।

## गांव का जीवन प्रकृति और आत्मीयता से जुड़ा होता है



**बेमेतरा।** रिटायर्ड ब्रिगेडियर पी. गणेशम ने अपने शोध एवं नवाचार यात्रा के दौरान बेमेतरा के सेवाभावी समाजसेवी संस्था सहयोग के सभी सदस्यों से मिले। उन्होंने समाजसेवी एवं किसान सहयोग संस्था से जुड़े सुशील शर्मा के गांव छोटे कंदई में किसानों संग आत्मीय बातचीत की। गौशाला और खेतों का अवलोकन कर ग्रामीण नवाचारों का महत्व बताया। छोटे-छोटे उदाहरणों से समझाते हुए उन्होंने कहा – गांव का जीवन प्रकृति और आत्मीयता से जुड़ा होता है। यहां इंसान भगवान के करीब महसूस करता है। जबकि शहरों में मनुष्य की पहचान और बनावट आदमी बनाता है। ब्रिगेडियर गणेशम ने सेना में रहते हुए देश की सुरक्षा के लिए टैंक निर्माण में योगदान दिया, जिसके लिए उन्हें राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे समाजसेवा के पथ पर सक्रिय हैं और अपनी संस्था "पल्ले सृजनम" के माध्यम से पिछले 30 वर्षों से ग्रामीण भारत में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अब तक 1 हजार से अधिक ग्रामीण नवाचारों को खोजकर देश-दुनिया तक पहुंचाया है और सैकड़ों किसानों व ग्रामीणों को राष्ट्रीय एवं राष्ट्रपति स्तर के पुरस्कार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर मानव तीर्थ, किरीतपुर से आए युवा शोधार्थी अंकित पोगुला, राममिलन यादव, समाधान कॉलेज से अवधेश पटेल, अविनाश तिवारी और पूर्व प्राचार्य साहब सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे। अंकित पोगुला ने मानव तीर्थ की विशेष गतिविधियों और प्रयोगों का परिचय दिया, जहां देशभर से युवा श्रम, व्यवहार और विचार अभ्यास के माध्यम से जीवन जीने की नई दिशा सीखते हैं। गांव के किसानों ने उत्साहपूर्वक ब्रिगेडियर गणेशम जी से सवाल पूछे, जिनका उन्होंने धैर्यपूर्वक उत्तर दिया। इस मौके पर बेमेतरा के अधिवक्ता बृजमोहन शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## शिवसेना ने कोटवार संघ को दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

**■ गैर-वंशज नियुक्ति पर उठाए सवाल**

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान ने जिला बेमेतरा के कोटवार संघ की मांगों को जायज बताते हुए समर्थन दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले की तहसीलों— थानखमरिया, नांदघाट, देवरबीजा और नवागढ़ में तहसीलदारों द्वारा वंशावली कोटवारों को हटाकर गैर-वंशजों को पद पर नियुक्त किया जा रहा है। चौहान ने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह नियम विरुद्ध है। हाईकोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि कोटवार पद पर केवल वंशजों की ही नियुक्ति की जाए। यदि कोई कोटवार उम्रदराज या कार्य करने में असमर्थ हो जाए तो प्राथमिकता उसके परिवार के वंशज को दी जानी चाहिए। इसके बावजूद तहसीलदार पंचायत प्रस्ताव का हवाला देकर गैर-वंशजों की नियुक्ति कर रहे हैं और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि गैर-वंशजों की नियुक्ति को तत्काल निरस्त कर वंशावली कोटवारों को पदस्थापित किया जाए। साथ ही हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना करने वाले तहसीलदारों पर कार्रवाई कर उन्हें बर्खास्त किया जाए। चौहान ने चेतावनी दी कि यदि हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं हुआ तो शिवसेना, कोटवार संघ के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

---

### चोरभट्टी स्कूल में बैल दौड़ व मटका फोड़ प्रतियोगिता हुई



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला चोरभट्टी विकासखंड साजा में पोला पर्व के उपलक्ष्य में बैल दौड़ एवं मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पांचवी की वंशिका प्रथम, यशश्वी द्वितीय एवं सतीश तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त आयोजन में शिक्षक देवाराम साहू की सक्रिय सहभागिता रही। साथ ही शाला के शिक्षक आशुतोष चौबे एवं भुनेश्वरी वर्मा का सहयोग भी रहा। उक्त आयोजन से बच्चों में उत्साह के भाव का संचार देखने को मिला साथ ही स्थानीय त्योहार से परिचित भी हुए।

### शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी से की सौजन्य भेंट



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिला पदाधिकारियों द्वारा नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी गेंदराम चतुर्वेदी से सौजन्य मुलाकात की। इस मुलाकात के समय अश्वनी बनर्जी जिला अध्यक्ष, गेंद लाल खुटियारे कार्यकारी जिला अध्यक्ष, सुरेश कुमार बंजारे जिला सचिव, हितेंद्र बंजारे जिला उपाध्यक्ष, राजेश कुमार यादव ब्लॉक अध्यक्ष बेरला, रमेश वर्मा सचिव, सुरेंद्र कुमार पटेल संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन बेरला सेऊक राम साहू संयोजक कर्मचारी अधिकारी नवागढ़, नानकराम साहू महासचिव, मनोज वर्मा व्याख्याता, गोकुल प्रसाद बंजारे राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्ति शिक्षक एवं अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

### सरपंच संघ के अध्यक्ष चुने गए लालन यादव



**बेमेतरा/नवागढ़।** नवागढ़ जनपद में सरपंच संघ का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें नवागढ़ जनपद के सभी 111 पंचायतों के सरपंच एवं प्रतिनिधि शामिल हुए।जहां सर्वसम्मति से सरपंच संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें लालन यादव को अध्यक्ष चुना गया है, उपाध्यक्ष सुरेश मायाराम गाड़े, उपाध्यक्ष मनोज साहू, सचिव रघुनाथ राजपूत, सह सचिव सुनील कोषाध्यक्ष मनीष साहू,सह कोषाध्यक्ष संजय विश्वकर्मा शामिल हुए, चुनाव के बाद नवगठित टीम ने संगठन को मजबूत बनाने, सरपंचों की समस्या के निराकरण और पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। जनपद के सरपंचों ने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा। पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी। विधायक एवं मंत्री दयालदास बघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, जिला सदस्य अंजु बघेल,जनपद अध्यक्ष खोरबहरा साहू ,सहित भारी संख्या में सरपंच मौजूद रहे व सभी लोगों ने शुभकामनाएं दी।

### सिक्ख समाज ने मनाया प्रकाश पर्व



**बेमेतरा।** गुरुद्वारा साहिब बेमेतरा में गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। अमृत बेला में फूलों की वर्षा, शबद-कीर्तन और जयकारों के बीच गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश किया गया। सुबह 11 बजे विशेष दीवान सजाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सिक्ख समाज, सिंधी समाज और आमजन ने मत्था टेककर प्रसाद ग्रहण किया। प्रातः काल ज्ञानी जी ने हुक्मनामा लिया। इसके बाद संगत ने सामूहिक नाम-सिमरन और पांच बाणियों का पाठ किया। सिक्ख समाज के अध्यक्ष सरदार गुरुदयाल सिंह चावला ने कहा –श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी धर्म, सेवा और सर्वकल्याण का संदेश देते हैं। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा–गुरु ग्रंथ साहिब में केवल सिक्ख गुरुओं की ही नहीं, बल्कि अनेक महापुरुषों और भक्तों की वाणी दर्ज है। सरदार जगजीत सिंह ने "पोथी परमेश्वर का थान" शबद का पाठ कर भावार्थ बतलाया और साध-संगत का आभार प्रकट किया। लंगर की सेवा सुरेंद्र कुमार छाबड़ा परिवार की ओर से की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्त्री सत्संगत और पूरी साध-संगत का विशेष योगदान रहा।

---

**ब्रह्माकुमारी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने किया रक्तदान**

# ब्रह्माकुमारीज संस्था में रक्तदान महाअभियान शिविर हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व बंधुत्व दिवस पर ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18 वीं पुण्यतिथि पर ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजित हुआ। यह शिविर संस्था द्वारा चलाए जा रहे रक्तदान महाअभियान का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत पूरे देश के हजारों सेवा केंद्रों पर एक साथ रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न संस्थानों के सदस्यों ने भाग लेकर 40 यूनिट रक्तदान किया।

शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बसोड़ , डॉ चेतना मिश्रा , अवधेश पटेल, समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी शामिल हुए।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। ब्रह्माकुमारी शशि दीदी ने विशाल रक्तदान अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह रक्तदान अभियान संस्थान क़ी पूर्व मुख्य प्रसाशिका दादी प्रकशमणि जी कि 18 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पूरे देश में एक साथ किया गया है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है इससे बड़ा कोई दान नहीं। आज हम देखते है कि कई जरुरत मंद लोगों को समय पर रक्त न मिलने से वह अपनी जान गवाँ देते है। रक्तदान एक बहुत बड़ी सेवा है ब्राह्मकुमारीज के समाज सेवा प्रभाग नें पूरे देश में एक लाख यूनिट ब्लड डोनेट करने का लक्ष्य रखा है। दादी प्रकाशमणि जी का जीवन मानवता की सेवा और विश्व बंधुत्व को समर्पित था, और इस प्रकार के सेवा कार्य उन्हीं के आदर्शों को आगे बढ़ाते हैं। रक्तदान को हम "महादान" कहते हैं, क्योंकि यह दान किसी गरीब या अमीर को नहीं, बल्कि इंसान को बचाने के लिए किया जाता है। रक्त की कोई फैक्ट्री नहीं है, कोई दवा नहीं है और न ही कोई कृत्रिम विकल्प। रक्त केवल इंसान ही इंसान को दे सकता है। इस दौरान अतिथि प्रहलाद रजक ने कहा कि एक व्यक्ति जब रक्तदान करता है तो वह किसी ज़रूरतमंद को जीवनदान देता है। जब हमारे अंदर इंसानियत होती है तभी हम एक दूसरे की सेवा कर सकते है। आज ब्रह्माकुमारीज़ के द्वारा दादी प्रकाशमणि जी की पुण्य स्मृति दिवस पर जो रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। यह मानवता की सेवा में बहुत बड़ा उदाहरण है। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान हर तरह की सामाजिक सेवा में आगे रहती है। हम लोग भी जब संस्था में आते एक अलग ही सुकून और शांति की अनुभूति होती है। इस तरह के संस्थान समाज मे सकारात्मकता बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बसोड़ ने कहा कि नियमित रक्तदान दाता के स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। इससे शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया तेज होती है, रक्त स्वच्छ और पतला रहता है तथा हृदय रोगों की संभावना कम होती है। अवधेश पटेल ने अपनी शुभकामनायें देते हुए कहा कि रक्त दान सभी को करना चाहिए, रक्त की कीमत तब पता चलती जब हमारे अपने किसी को आवश्यकता पडती है। सभी को इस तरह के पुण्य कार्य में सहयोगी बनना चाहिए। ब्रह्माकुमारीज संस्था को साधुबाद देता हूँ जो इतना सुन्दर आयोजन संस्था के द्वारा रखा गया। डॉ चेतना मिश्रा जी ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। सोचिए, इससे बड़ा पुण्य और क्या होगा? रक्तदान करने से हमें कोई हानि नहीं होती। बल्कि वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि नियमित रक्तदान करने से शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया तेज होती है, स्वास्थ्य अच्छा रहता है और हृदय रोग का खतरा भी कम होता है। कार्यक्रम में ताराचंद माहेश्वरी ने कहा कि "रक्तदान केवल किसी ज़रूरतमंद को जीवन देने का कार्य नहीं है, बल्कि यह करुणा, सहयोग और भाईचारे की सजीव मिसाल है।

